RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 17 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 59 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में मूसलाधार बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी, अंधेरी सबवे में भरा पानी... यातायात के लिए बंद!


Page - 2

# मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में भारी बारिश...

## नदियां खतरे के निशान के पार, अब तक 18 की मौत, IMD का बड़ा अलर्ट

**मुंबई: पिछले दो दिनों से मुंबई समेत पूरे राज्य में भारी बारिश हो रही है। इस बारिश का सीधा असर मुंबई लोकल पर पड़ा है। पुणे की कुछ नदियां भी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। पूरे राज्य में बारिश हो रही है। असल में इस साल राज्य में मानसून जल्दी आ गया है। हालांकि किसानों ने अभी तक बुवाई शुरू नहीं की है। भारी बारिश के कारण नागरिकों का सामान्य जीवन भी अस्त-व्यस्त हो रहा है।**

वहीं महाराष्ट्र में एक जून से अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 18 लोगों की जान गई और 65 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उधर, मौसम विभाग ने अगले 16 घंटे में रायगढ़ और पुणे और सतारा जिलों के घाट वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि मुंबई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

**मुंबई के निचले इलाकों में भरा पानी**

मुंबई में सुबह से ही लगातार बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भर गया है। मुंबई में मेट्रो 1 की सेवा सोमवार दोपहर को बंद कर दी गई। आजाद नगर रेलवे स्टेशन



पर ओवरहेड में तिरपाल फंसने के कारण यह तकनीकी खराबी आई। 15 मिनट बाद यातायात बहाल हो गया। घाटकोपर में भी पानी भरता दिख रहा है। लांजा बस स्टैंड पानी से लबालब है। भूस्खलन के कारण रत्नागिरी काशेडी सुरंग ढह गई है। लोनावला में भुशी डैम ओवरफ्लो हो गया है और पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। पुणे में जगबुडी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। भारी बारिश के कारण लोनावाला में भुशी बांध 100 प्रतिशत भर गया है और ओवरफ्लो हो गया है।

उल्हासनगर में 500 से अधिक घरों तक पहुंच अवरुद्ध हो गई है। नाले पर बने पुल के ढहने का दृश्य सीसीटीवी में कैद हो गया है। भारी बारिश के कारण नाले पर बना पुल टूट गया है। भारी बारिश के कारण उल्हासनगर के गणेश नगर इलाके में नाले पर बना पुल ढह गया है। इस घटना के कारण लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पा रहे हैं। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण चिपलून में वशिष्ठी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

इन इलाकों में भारी बारिश

छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, कल्याण, ठाणे, लातूर, नांदेड़ और कोंकण में इस समय भारी बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों तक बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके चलते नागरिकों को जब तक बहुत जरूरी न हो, घरों से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

मौसम विभाग ने अगले 16 घंटे में रायगढ़ और पुणे एवं सतारा जिलों के घाट वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि मुंबई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार दोपहर को अगले पांच दिन के लिए जिला पूवार्नुमान और चेतावनी जारी की।

### मुंबई के गिरगांव में भारी बारिश के कारण गहरे गड्ढे में धंसी बस, बाल-बाल बचे यात्री, कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** मुंबई में बीते कई दिनों से हो रही लगातार तेज बारिश के चलते अब सड़कें भी हादसों की वजह बनने लगी हैं. गिरगांव इलाके में आज एक बड़ा हादसा हो गया, जब बेस्ट की एक बस का पिछला पहिया अचानक सड़क धंसने से गहरे गड्ढे में फंस गया. हादसे के वक्त बस में करीब 20 से 25 यात्री सवार थे. गनीमत रही किसी यात्री को चोट नहीं आई. घटना ने मुंबई की जर्जर सड़कों और बारिश से निपटने की तैयारियों पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### मुंबई 'डांस बार' के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर एमआईडीसी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया



**मुंबई:** अंधेरी के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को रविवार को मुंबई पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने निलंबित कर दिया। हाल ही में एक छापेमारी में पता चला था कि उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एक बार अवैध रूप से चल रहा था और निर्धारित समय के बाद भी खुला रहता था। प्रॉपर्टी सेल और क्राइम ब्रांच (सीबी) की संयुक्त टीम ने 10 जून को 'नाइट लवर्स' नामक बार पर छापा मारा तो पाया कि बार रात 2:30 बजे तक खुला रहता था। सीबी अधिकारियों ने बताया कि बार से 12 महिलाओं को बचाया गया और मैनेजर और कर्मचारियों समेत 30 पुरुषों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन लाया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम) परमजीत सिंह दहिया ने पुलिस निरीक्षक राजीव चव्हाण को निलंबित कर दिया, क्योंकि उनके अधीन एमआईडीसी पुलिस अवैध रूप से 'डांस बार' के रूप में चल रहे बार को बंद कराने में विफल रही थी।

## महाराष्ट्र : ऑनलाइन रम्मी ने किया 3 जिंदगियों का 'गेम ओवर'

### पत्नी और मासूम बेटे को जहर देकर युवक ने की आत्महत्या

**धाराशिव:** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के एक छोटे से गांव में रविवार रात वह घटना घटी, जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। एक मेहनतकश पिता, जिसने कभी अपने परिवार की खुशहाली के लिए ट्रैक्टर की स्टीयरिंग थामी थी, उसी ने एक रात में अपने पूरे परिवार का अंत कर डाला। वजह थी ऑनलाइन रम्मी गेम का खतरनाक नशा, बढ़ता कर्ज और मानसिक तनाव। 29 वर्षीय लक्ष्मण मारुती जाधव, बावी गांव का निवासी और ट्रैक्टर चालक था। परिवार में उसकी पत्नी तेजस्विनी और



दो साल का बेटा था। दो ढाई साल पहले उसने प्रेम विवाह किया था। परिवार सामान्य तरीके से जीवन बिता रहा था, मगर पिछले कुछ महीनों से लक्ष्मण का व्यवहार बदलने लगा था। उसे ऑनलाइन रम्मी खेलने की लत लग चुकी थी। शुरू में तो यह एक टाइमपास था, लेकिन धीरे-धीरे यह खेल ज़िंदगी का नाश बन गया।

**लाखों रुपये हार बैठा लक्ष्मण**

लक्ष्मण गेम में हजारों नहीं, बल्कि लाखों रुपये हार बैठा। कर्ज बढ़ता गया, तनाव गहराता गया। अपनी जमीन और प्लॉट तक बेच डाले, फिर भी कर्ज से राहत नहीं मिली। आर्थिक बोझ और मानसिक दबाव ने उसे भीतर से पूरी तरह तोड़ डाला।

**गांव में शोक की लहर**

पुलिस के अनुसार रविवार की रात लक्ष्मण ने पहले अपनी पत्न ी तेजस्विनी और दो वर्षीय बेटे को जहर देकर मार डाला। इसके बाद उसने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों ने शक जताया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर तीनों के शव पाए गए। यह दृश्य देखकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## खेत में काम कर रहे मजदूरों पर गिरी बिजली, 3 की मौत, दो की हालत गंभीर

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में 1 जून से अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 18 लोगों की जान गई और 65 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान छह मवेशियों के मारे जाने की भी खबर है। चालीसगांव के तहसीलदार प्रशांत पाटिल ने कहा, ''रविवार दोपहर 2 बजे चालीसगांव के पास तुंगानगर गांव में खेत में काम कर रहे लोगों पर आकाशीय बिजली



गिरी। इस घटना में करीब पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीण उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए। लेकिन इनमें से तीन को डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया, जबकि दो पीड़ितों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।''तहसीलदार ने बताया कि मृतकों की पहचान दशरथ पवार (24), लखन पवार (14), समाधान राठौड़ (9) के तौर पर हुई है। प्रशासन की तरफ से पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

इजरायल और ईरान में जंग के बीच भारतीय प्रधानमंत्री जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने कनाडा पहुंच रहे हैं। उन्हें कनाडा आने का कथित निमंत्रण न मिलने पर कांग्रेस इस नतीजे पर पहुंच गई थी कि भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए न बुलाया जाना मोदी सरकार की कमजोर कूटनीति का प्रमाण है। इसके बाद जब कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मोदी को निमंत्रण दे दिया तो कहा गया कि यह देर से दिया गया, लेकिन आखिर देरी को कैसे परिभाषित किया जाएगा?

वैसे भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 में भाग लेने के लिए निमंत्रण देने को लेकर कनाडा में भी सवाल उठे। इनका जवाब देते हुए मार्क कार्नी ने कहा था कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के साथ कई आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है। मार्क कार्नी ने खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में तथाकथित भारतीय एजेंटों का हाथ होने के आरोपों की जांच से जुड़े सवाल पर कहा था कि कानूनी एजेंसिया अपना काम कर रही हैं। यह समझा जाना चाहिए कि मार्क कार्नी का भारत समेत अन्य अनेक मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से अलग रवैया है। इसका प्रमाण यह खबर है कि भारत और कनाडा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए एक-दूसरे से खुफिया जानकारी साझा करेंगे। मार्क कार्नी तब कनाडा के अंतरिम पीएम बने थे, जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपने रवैये के कारण जस्टिन ट्रूडो की फजीहत हो गई थी। उनकी ही पार्टी की ओर से उन पर प्रधानमंत्री पद छोड़ने का दबाव था। वह प्रधानमंत्री बने रहते तो लिबरल पार्टी बुरी तरह हारती। कनाडा-भारत संबंध बिगड़ने के लिए जस्टिन ही जिम्मेदार थे। वे अपने कार्यकाल में खालिस्तान समर्थकों को खुश करने में लगे रहे और तब तो ऐसा करना उनकी मजबूरी हो गई थी, जब अपनी अल्पमत सरकार चलाने के लिए वे खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी(एनडीपी) के समर्थन के मोहताज हो गए थे। उन्होंने जगमीत और अन्य खालिस्तान समर्थकों को खुश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आतंकी निज्जर मामले में उन्होंने यह हास्यास्पद बयान दिया था कि उसकी हत्या में भारतीय एजेंटों के हाथ होने के "पुख्ता आरोप" मिले हैं। यह पहली बार था, जब किसी शासनाध्यक्ष ने प्रमाण नहीं, बल्कि आरोपों के आधार पर किसी देश को कठघरे में खड़ा किया हो और वह भी ऐसे शख्स की हत्या के मामले में, जो अवैध तरीके से कनाडा पहुंचा था और जिसे भारत में आतंकी करार दिया गया था।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में मूसलाधार बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी, अंधेरी सबवे में भरा पानी... यातायात के लिए बंद!



**मुंबई :** मुंबई में सोमवार (16 जून) को तेज बारिश से अंधेरी सब-वे में पानी भर गया. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है. लेकिन अगर इस तरह बारिश होती रही तो मुंबईकरों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. मुंबई के पश्चिम उपनगरों में पिछले एकाध घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते अंधेरी सब-वे पानी में डूब गया. सब-वे में तीन से चार फीट तक पानी भर जाने के कारण उसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया.

मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और पालघर में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. पवई इलाके में जोरदार बरसात से सड़क पर पानी भर गया. नवी मुंबई में वाशी हाईवे से सटी वाशी प्लाजा सोसायटी की दीवार ढह गई. दीवार ढहने से वहां खड़े दोपहिया वाहन दब गए. एक टेम्पो भी उसमें गिर गया. घटना में कोई घायल नहीं हुआ. मौसम विभाग ने मंबई में 16 जून को ऑरेंज अलर्ट और 19 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. 17 जून, 18 जून और 20 जून को हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है. वहीं रायगढ़ में 16 जून के लिए रेड अर्ट, 17 जून के लिए येलो अलर्ट, 18 और 19 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट और 20 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. पालघर में 16 जून को ऑरेंज अलर्ट, 17 और 18 जून को हल्की बारिश, 19 जून को येलो अर्ट और 20 जून को हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है.

## मुंबई : मेट्रो-1 कॉरिडोर तकनीकी खराबी के कारण नियमित परिचालन बाधित

**मुंबई :** मुंबई के व्यस्त मेट्रो-1 कॉरिडोर, जो घाटकोपर को वसोर्वा से जोड़ता है, में सोमवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण नियमित परिचालन बाधित होने के कारण बड़ी देरी हुई। व्यस्ततम कार्यालय समय के दौरान आई इस बाधा के कारण कई यात्री फंस गए और खास तौर पर अंधेरी, मरोल और साकी नाका में कॉपोर्रेट हब की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा हुई। प्रभावित यात्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पोस्ट के अनुसार, यह समस्या आजाद नगर मेट्रो स्टेशन के पास शुरू हुई, जहाँ तेज हवाओं के कारण पास के निर्माण स्थल से एक प्लास्टिक शीट ओवरहेड बिजली के तारों में उलझ गई। इस अप्रत्याशित बाधा के कारण ट्रेन सेवाओं में बाधा उत्पन्न हुई, खासकर घाटकोपर से वसोर्वा दिशा में जाने वाली ट्रेनों में।

# अनार्ला बस डिपो में पहुंचीं पांच नई बसें... विधायक ने जनता को किया समर्पित




**वसई :** विरार पश्चिम के अनार्ला डिपो से पुरानी और खस्ताहाल बसों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए छोड़ा जा रहा था। इसका असर यात्रियों पर पड़ रहा था। अब इस लंबी दूरी की यात्रा के लिए पांच नई एसटी बसें आ गई हैं। इन बसों का उद्घाटन वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने रविवार को किया और सेवा के लिए शुरू किया। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

विरार पश्चिम में अनार्ला एसटी कॉर्पोरेशन डिपो स्थित है। इस डिपो से वसई, विरार, ठाणे, भुसावल, औरंगाबाद, पंढरपुर, कोल्हापुर, शिरडी, वीटा, सोलापुर, चोपड़ा, तुलजापुर और अन्य लंबी दूरी के स्थानों के लिए सेवाएं दी जाती हैं। इस डिपो से हर दिन 310 एसटी बस सेवा फेरे लगाए जा रहे हैं। हालांकि, इनमें से कुछ एसटी बसें बहुत पुरानी थीं। कुछ बसें सचमुच टूट चुकी थीं, जिससे उनमें यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही थी।

कुछ ड्राइवरों को भी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके लिए राज्य परिवहन निगम से नई एसटी बसें उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। इसके अनुसार अनार्ला डिपो के लिए 30 एसटी बसें स्वीकृत की गई हैं। जिनमें से 5 नई एसटी बसें फिलहाल अनार्ला डिपो में उपलब्ध हैं और उन एसटी बसों का उद्घाटन समारोह रविवार को वसई विधायक स्नेहा दुबे-पंडित के हाथों हुआ। इस अवसर पर एसटी निगम के अनार्ला डिपो प्रबंधक सिद्धेश सूर्यवंशी, रामदास मेहर और अनार्ला के ग्रामीण मौजूद थे।

## कार बुक कर ड्राइवर को लूटने वाले गिरफ्तार



**मरीन ड्राइव :** ऑनलाइन कैब बुकिंग ऐप्स के माध्यम से वाहन किराए पर बुक कर चालक को सुनसान जगह पर ले जाकर चाकू की नोंक पर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को वाकोला पुलिस स्टेशन और वीपी रोड पुलिस स्टेशन की क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने मरीन ड्राइव से कलिना के बीच यात्रा के लिए एक वाहन ऐप्स से राइड बुक की थी। यात्रा के दौरान आरोपी चालक उसे एअर इंडिया रोड के पास सुनसान इलाके में ले गया और चाकू दिखाकर धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता से दो मोबाइल फोन और 2500 रुपए जबरन ऑनलाइन ऐप के जरिए ट्रांसफर करवाकर लूट लिए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई संपत्ति और तीन हथियार जब्त किए हैं। जब्त सामानों में चार मोबाइल फोन जिसकी कीमत 44,250 रुपए और तीन चाकू शामिल हैं, जिनका उपयोग वारदात को अंजाम देने में किया गया था।

इस मामले में संबंधित आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(4), 3(5), और 4,25 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच में यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन आरोपियों ने इसी तरह की और वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 100 नंबर या नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करने की अपील की है।

## नवी मुंबई : भारी बारिश के बीच सड़क का एक बड़ा हिस्सा ढह गया; यातायात बाधित



**नवी मुंबई:** पिछले कुछ दिनों से इलाके में हो रही भारी बारिश के कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। शहर के घनी आबादी वाले इलाके में स्थित यह सड़क धंस गई, जिससे यातायात बाधित हुआ और मौजूदा मानसून के मौसम में बुनियादी ढांचे की स्थिरता को लेकर चिंताएँ पैदा हो गईं। स्थानीय अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है, और मलबे को हटाने और नुकसान की मरम्मत के प्रयास जारी हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन ढहने के कारण कई वाहन फंस गए, जिससे काफी ट्रैफि क जाम हो गया।

यह घटना क्षेत्र में शहरी बुनियादी ढांचे के साथ चल रही समस्याओं को उजागर करती है, क्योंकि लगातार बारिश और जल निकासी की समस्याओं ने सड़क की स्थिति को और खराब कर दिया है। अधिकारी ढहने के कारणों की भी जाँच कर रहे हैं, कुछ लोगों का अनुमान है कि खराब जल निकासी और पुराना बुनियादी ढांचा इसके लिए जिम्मेदार कारक हो सकते हैं।

# मुंबई : अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई ने विदेश से सोना स्मगलिंग का किया भंडाफोड़ !



**मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई जोनल यूनिट ने एयर इंडिया के एक क्रू सदस्य को पकड़कर 1.41 करोड़ रुपये मूल्य का विदेशी सोना जब्त किया है। इस मामले में क्रू सदस्य के साथ-साथ मुख्य साजिशकर्ता को भी गिरफ्तार किया गया है। घटना 13 जून को सामने आई, जब न्यूयॉर्क से मुंबई पहुंचे एयर इंडिया की फ्लाइट अक-116 के क्रू सदस्य गिरीश पिंपल पर संदेह हुआ। वह हरे चैनल से बिना किसी घोषणा के बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी डीआरआई अधिकारियों ने उसे रोका। उसकी तलाशी में एक पार्किंग स्लिप और एक स्टिकी नोट मिला, जिसमें सोने का वजन, खरीद मूल्य और लाभ का हिसाब लिखा था।

पूछताछ में पिंपले ने कबूल किया कि वह एक अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह का हिस्सा है और उसने अंतरराष्ट्रीय आगमन हॉल के बैगेज सेवा क्षेत्र में सोफे के पीछे सोने की पुड़िया छिपाई थी। बाद में की गई तलाशी में तीन सोने की ईंटें और तीन कटे हुए टुकड़े बरामद हुए, जिनका कुल वजन लगभग 1.373 किलोग्राम है।

**1.41 करोड़ का सोना जब्त**

डीआरआई ने इस सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत जब्त किया और आरोपी का बयान धारा 108 के तहत दर्ज किया। पिपले ने स्वीकार किया कि उसने यह सोना अमेरिका से खरीदा और भारत लाया, और इसके बदले उसे प्रति किलोग्राम 2 लाख रुपये कमीशन देने का वादा किया गया था। उसने राकेश राठौड़ का नाम लिया, जो इस तस्करी रैकेट का प्रमुख साजिशकर्ता बताया गया। अगले दिन डीआरआई ने राठौड़ को तलब किया, जिसने यह स्वीकार किया कि वह पिछले एक साल से पिंपले से सोना मंगवा रहा था। उसने यह भी बताया कि उसने अमेरिका में 1,50,000 डॉलर की व्यवस्था की थी और पहले भी दो बार पिंपले से तस्करी करवाया था।

# मुंबई : भायखला इलाके में 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी...

## ज्वेलरी व्यापारी विजय कुमार गिरफ्तार

**मुंबई** : भायखला इलाके में रहने वाले एक नामी ज्वेलरी व्यापारी विजय कुमार जेठमल जैन (58) को एलटी मार्ग पुलिस ने 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। 14 जून की रात पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। अदालत में पेशी के बाद उन्हें पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता कमलेश जैन, ज्वेलरी व्यापारी हैं, पुलिस को दी गई जानकारी में उन्होंने बताया कि आरोपी विजय कुमार जैन के साथ उनका व्यवसायिक संबंध वर्ष 2022 से था। दोनों के बीच कई बार व्यापार हुआ था, जिससे विजय जैन ने शिकायतकर्ता का विश्वास जीत लिया। इसी विश्वास के आधार पर विजय जैन ने हैदराबाद में बड़ी मांग होने की बात कहकर 2289.440 ग्राम 22 कैरेट शुद्धता वाले लेडीज




नेकलेस की ऑर्डर दी, जिसकी अनुमानित कीमत 2.30 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है।

6 मार्च को शिकायतकर्ता के सेल्समेन कालूराम गुज्जर उर्फ शिवम ने चौहान ज्वेलर्स दागिना बाजार, मुंबादेवी रोड स्थित विजय जैन को उक्त आभूषण सौंपे। इसके बदले आरोपी ने अप्रूवल चलान पर हस्ताक्षर कर आभूषण प्राप्त करने की पुष्टि की थी। विजय जैन ने आश्वासन दिया था कि भुगतान 5-7 दिनों के भीतर उसके बदले शुद्ध सोना या आरटीजीएस के माध्यम से कर दिया जाएगा। लेकिन महीनों बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया।


जब शिकायतकर्ता ने संपर्क साधा तो विजय जैन टालमटोल करता रहा और बाद में उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। बार-बार दुकान पर जाकर संपर्क की कोशिशें भी असफल रहीं। इसी बीच, शिकायतकर्ता ने एक वीडियो साक्ष्य भी जमा किया, जिसमें आरोपी स्वयं यह स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है कि उसके पास शिकायतकर्ता का करीब 2150 ग्राम शुद्ध सोना बकाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5), 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ट्रेन से कट कर एक यात्री की मौत

**मुंबई** : मुंबई में ट्रेन से उतरते वक्त पैर फिसलने से एक यात्री के साथ हादसा हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कल्याण से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जा रही लोकल ट्रेन में से उतरते वक्त एक यात्री रेलवे ट्रैक पर गिर गया। यात्री के साथ इस हादसे की घटना 08:02 पर घाटकोपर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हुई। यात्री घाटकोपर स्टेशन आया और उतरने की कोशिश कर रहा था। कोशिश कर ही रहा था कि उसका पैर फिसला और वह ट्रैक पर गिर गया। रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर गिरने के बाद घायल हुए शख्स को मुंबई के राजावाड़ी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया। अस्पताल में घायल शख्स को एडमिट कर लिया गया और इलाज शुरू किया गया।

# मुंबई के दो इंटरनेशनल स्कूलों को मिले धमकी भरे मेल, शहर में भी धमाके की दी वार्निंग

**मुंबई** : मुंबई के दो इंटरनेशनल स्कूलों को धमकी भरे मेल मिलने का मामला सामने आया है। वहीं घटना के बारे में सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस की टीम सूचना मिलने के बाद से जांच में जुटी हुई है। मुंबई के जिन दो स्कूलों को धमकी भरे मेल आए हैं, उनमें देवनार स्थित कनाकिया इंटरनेशनल स्कूल और कांदिवली के समतानगर स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल का नाम है। इन दोनों ही स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। मेल भेजने वाले ने स्कूलों के अलावा मुंबई में बम धमाके की धमकी दी है।



**अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज**

वहीं दो स्कूलों को धमकी भरा मेल मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। हालांकि, पुलिस जांच में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल इस मामले को लेकर मुंबई के देवनार और समतानगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि हाल ही में मुंबई के बीकेसी स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को भी धमकी थी। इसके बाद अब स्कूलों को मिली यह नई धमकी ने चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल मुंबई पुलिस मेल भेजने वाले की तलाश कर रही है।

**जयपुर और ठाणे के स्कूलों को भी धमकी मिली**

बता दें कि आज ही जयपुर के एक निजी स्कूल को बम की धमकी भरा ईमेल मिला। इसके बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि 'सिटी पैलेस स्कूल' की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने ईमेल देखा और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूल परिसर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि अधिकारियों के अनुसार तलाशी में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। वहीं ठाणे के भयंदर में भी रविवार को दो स्कूलों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला था।

# मुंबई में लगातार बारिश निचले इलाकों में भरा पानी... लोकल ट्रेनों और मेट्रो सेवाओं पर असर

**मुंबई** : मुंबई में सोमवार सुबह लगातार बारिश शुरू हो गई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया और सड़क यातायात, उपनगर ट्रेनों और मेट्रो रेल सेवाओं पर असर पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों में शहर और उपनगरों में भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही आसमान में बादल बने रहने की भविष्यवाणी की है।



नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, मुंबई शहर में औसतन 95 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 58 और 75 मिमी बारिश हुई। 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक की रिपोर्ट है। दोपहर 3:31 बजे 4.21 मीटर ऊंचे ज्वार की लहर की आशंका जताई गई है। इसके बाद मंगलवार सुबह 3:31 बजे 3.44 मीटर ऊंचे ज्वार की लहर की भविष्यवाणी की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, शहर और उपनगरों में लगातार बारिश हो रही थी, जिसमें भारी बौछारों के बीच कई निचले इलाकों में पानी भर गया। मध्य और पश्चिम रेलवे पर उपनगर ट्रेनों की सेवाएं भी देर से चल रही थीं। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि सुबह के व्यस्त समय के दौरान सेंट्रल रेलवे की ट्रेन सेवाएं 20 से 30 मिनट तक देर से चल रही थीं। घाटकोपर-अंधेरी-वसोर्वा मेट्रो लाइन पर मेट्रो सेवा दोपहर में थोड़ी देर के लिए प्रभावित हुई, जब आजाद नगर स्टेशन पर ओवरहेड वायर पर एक प्लास्टिक शीट गिर गई। मुंबई मेट्रो वन ने एक्स पर बताया, सेवाएं अब सामान्य रूप से चल रही हैं। तेज हवाओं के कारण एक निर्माण स्थल से एक प्लास्टिक शीट आजाद नगर मेट्रो स्टेशन के पास ओवरहेड विद्युत लाइन पर उड़कर चली गई, जिससे ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं।

# पेट्रोल चुरा कर करोड़पति बने धीरूभाई अंबानी... अजित पवार का वीडियो वायरल

**बारामतीः** बारामती तालुका में मालेगांव सहकारी शक्कर कारखाने का चुनाव 22 जून को है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार इस चुनाव के लिए प्रचार में जोर-शोर से उतर चुके हैं। इस चुनाव के लिए खुद अजित पवार ने बी क्लास सहकारी समिति निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है। प्रचार के दौरान अजित लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इसी दौरान उनका एक बयान चर्चा में आ गया है। एक बैठक में उनके द्वारा दिया गया एक बयान अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

इससे जुड़ा वीडियो सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने वायरल किया है। अजित पवार ने अपने भाषण में धीरूभाई अंबानी का जिक्र करते



हुए कहा कि धीरूभाई अंबानी पेट्रोल पंप छोड़कर करोड़पति बन गए। यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। अजित पवार ने आगे कहा अगर मैं सहकारी समिति की आलोचना नहीं करना चाहता तो क्या मैं पेट्रोल पंप खोलता? मेरे गरीब बच्चे वहां काम करने लगे। पंप पर काम करना कोई छोटी बात नहीं है।

अंजलि दमानिया ने अजित पवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अजित पवार ने आगे कहा, अगर मैं सहकारी संस्था को तोड़ने जाता तो क्या मैं संगठन को बड़ा बना पाता? मैं अपनी निजी फैक्ट्री बंद करने के लिए तैयार नहीं था। सरकार ने प्रतिबंध लगाए, लेकिन हमने किसी को अपनी फैक्ट्रियां चलाने नहीं दीं।

## मुंबई : बेस्ट बस कंडक्टर पर हमला

**मुंबई :** बेस्ट बस कंडक्टरों पर हमलों की संख्या बढ़ गई है और बेस्ट बस कंडक्टर असुरक्षित हो गए हैं। हाल ही में एक यात्री और उसके दोस्त ने बेस्ट बस कंडक्टर बालू सूर्यवंशी पर हमला किया। इस हमले में सूर्यवंशी के सिर में गंभीर चोटें आईं। बेस्ट वर्कर्स यूनियन ने बस कंडक्टर और उसके दोस्त पर हमला करने वाले यात्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अनिक आगर के बस कंडक्टर सूर्यवंशी 11 जून को बेस्ट रूट नंबर 367 (एसी) पर काम कर रहे थे। इस समय, जब बस कुर्ला बस स्टेशन ईस्ट से गडकरी खान जा रही थी, तो एक यात्री का सूर्यवंशी से विवाद हो गया। यात्री स्वास्तिक चैंबर बस स्टॉप पर उतर गया और अपने दोस्तों को साथ लेकर रिक्शा से बस का पीछा किया। गडकरी खान बस स्टॉप पर पहुंचने से पहले, उन्होंने बस में प्रवेश किया और सूर्यवंशी पर जानलेवा हमला किया। इस घटना में बस कंडक्टर के सिर में गंभीर चोटें आईं। जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# टैक्स वसूलने के लिए महिलाओं की फौज भेजेगी बीएमसी



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) जल कर संग्रह को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं के साथ साझेदारी करने की अपनी योजना को पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है. यह परियोजना अब से दो महीने बाद, मानसून का मौसम समाप्त होने के बाद शुरू होगी. सितंबर या अक्टूबर 2025 से, एसएचजी की महिलाएं गैर-ऊंची इमारतों वाले क्षेत्रों में घर-घर जाएंगी और निवासियों से उनके लंबित जल बकाया का भुगतान करने का आग्रह करेंगी. बदले में, उन्हें प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा. शुरूआत में, यह योजना मुंबई के उन चुनिंदा हिस्सों में पायलट के तौर पर चलेगी जो न तो झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं और न ही पॉश हाई-राइज इलाके हैं. मानसून अवधि का उपयोग प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करने और अनुबंध जारी करने के लिए किया जाएगा.

नागरिक अधिकारियों के अनुसार, बीएमसी अपने वार्षिक जल कर बकाया का 60 प्रतिशत तक वसूलने में कामयाब हो जाती है. बाकी राशि को साल-दर-साल आगे बढ़ाया जाता है. बीएमसी के बजट के अनुसार, नगर निकाय ने 2022-23 में जल और सीवेज शुल्क के रूप में 1577.41 करोड़ रुपये और 2023-24 में 1629.53 करोड़ रुपये एकत्र किए. दिसंबर 2024 तक इसने 1141.56 करोड़ रुपये एकत्र किए थे.

इस साझेदारी की अवधारणा सबसे पहले कोविड-19 महामारी से पहले बनाई गई थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे छोड़ दिया गया था. 2023 में, इस योजना को झुग्गी-झोपड़ियों में पायलट आधार पर पुनर्जीवित किया गया, लेकिन यह सफल नहीं हो पाई. एसएचजी के साथ कई दौर की बातचीत के बाद, बीएमसी ने अधिक से अधिक समूहों को भाग लेने की अनुमति देने के लिए योग्यता मानदंड को आसान बनाने पर सहमति व्यक्त की.

बीएमसी के हाइड्रोलिक्स विभाग के एक वरिष्ठ नागरिक अधिकारी ने कहा, ''हमने अब पात्रता मानदंड में बदलाव किया है और एसएचजी द्वारा उठाई गई चिंताओं का समाधान किया है. जल्द ही रियायती मानदंडों के तहत रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की जाएगी और अगले दो महीनों के भीतर ऑनबोर्डिंग होगी. इसके तुरंत बाद काम शुरू हो जाएगा.'' एसएचजी को सिर्फ. झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में ही नहीं रखा जाएगा. हालांकि, ऐसे इलाके जहां ज्यादातर घर कम अवधि के लिए किराए पर दिए जाते हैं, जैसे कि लोअर परेल जैसे व्यावसायिक केंद्रों के आस-पास के इलाके, उन्हें भी बाहर रखा जाएगा.

# वसई : झमाझम बारिश से वसई-विरार हुआ जल मग्न...

## सड़कें बनीं समंदर



**वसई :** विरार में शनिवार से हो रही लगातार बारिश की वजह से क्षेत्र के कई स्थानों पर पानी भर गया। सड़कों के हालात बद से बदतर हो गई, जिसके चलते लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा।. सड़कों पर पानी भरने की वजह से यातायात व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ा। पिछले कई घंटों में वसई तालुका क्षेत्र के सड़के नाले लबा लब हो गई कई घंटों की बारिश ने वसई विरार महापालिका के पोल भी खोल के रखी दी। कई इलाकों में भरा पानी वसई-विरार क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से निचले इलाकों में पानी भर गया। तुलिंज पुलिस स्टेशन, सेंट्रल पार्क, नागिनदास, आचोले मार्ग, एवरसाइन, मनवेलपाड़ा, विरार पश्चिम स्थित पुराना विवा कॉलेज मार्ग, प्रगति नगर हाई टेंशन मार्ग, नालासोपारा पश्चिम ब्रिज के आसपास का पूरा इलाका, बस डिपो, आचोले स्थित तलाठी कार्यालय मार्ग, नालासोपारा पूर्व स्थित टिकट विंडो से एवरसाइन जाने वाला मार्ग, चौधरी कम्पाउन्ड, वसई फाटा बखार, सातीवली राज नगर अलकापूरी, गाला नगर द्वारिका होटल के मार्ग सहित कई अन्य इलाकों में बरसात का पानी भर जाने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# ठाणे : बंगाल के नागरिक को बना दिया अवैध बांग्लादेशी,

## बीएसएफ ने धकेल दिया देश के बाहर, फिर आ गया कहानी में ट्विस्ट




**ठाणे:** महाराष्ट्र पुलिस ने रोजगार की तलाश में घूम रहे एक व्यक्ति को अवैध बांग्लादेशी समझकर पश्चिम बंगाल के नागरिक को उठा लिया। सीमा सुरक्षा बल (इरब्र) ने शनिवार तड़के उसे पड़ोसी देश की सीमा पर भेज दिया। इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार, पश्चिम बंगाल पुलिस, राज्य प्रवासी कल्याण बोर्ड के हस्तक्षेप और भारतीय नागरिकता साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद महाराष्ट्र पुलिस और बीएसएफ ने महबूब शेख को बांग्लादेश में धकेल दिया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार पश्चिम बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने बताया कि शेख के परिवार ने हमसे संपर्क किया जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। उन्हें सभी आवश्यक दस्तावेज भेज दिए गए। इसके बावजूद पुलिस और बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल सरकार को सूचित करने की भी जहमत नहीं उठाई और शेख को बीएसएफ ने बांग्लादेश में धकेल दिया। शेख के परिवार से पता चला कि वे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के भागाबंगोला के महिसास्थली ग्राम पंचायत क्षेत्र के हुसैननगर गांव के निवासी हैं।

**बांग्लादेशी समझ कर ले गई पुलिस**

36 वर्षीय महबूब शेख महाराष्ट्र में राजमिस्त्री का काम करता था। शेख के छोटे भाई मुजीबुर ने बताया कि वह पिछले 2 साल से महाराष्ट्र में काम कर रहा है। वह ठाणे के मीरा रोड इलाके में रहता था। 5 दिन पहले (11 जून) जब वह चाय पी रहा था, तब पुलिस ने उसे बांग्लादेशी होने के संदेह में पकड़ा था और सीधे कनकिया पुलिस स्टेशन ले गई थी। इस घटना के बाद परिवार परेशान हो गया। मुजीबुर ने कहा कि बाद में उसे भी कनकिया पुलिस स्टेशन बुलाया। हमने तुरंत स्थानीय पुलिस और प्रशासन के साथ-साथ हमारे पंचायत प्रधान और प्रवासी कल्याण बोर्ड को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र पुलिस के संपर्क में हैं। शुक्रवार तक, परिवार ने महाराष्ट्र पुलिस को पंचायत से प्रमाणित वंशावली के साथ महबूब शेख का वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे सभी दस्तावेज भेज दिए थे।

महिसस्थली ग्राम पंचायत के प्रधान शब्बीर अहमद ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि महबूब शेख को सिलीगुड़ी में बीएसएफ कैंप भेज दिया गया है, तो वे तुरंत वहां भी पहुंचे। मेरा भाई मुजीबुर कैंप पहुंचा, लेकिन हमें वहां नहीं रहने दिया। उन्होंने हमारी बात भी नहीं सुनी। परिवार से बात करते हुए पता चला कि महबूब शेख ने शनिवार (14 जून) को उन्हें फोन करके जानकारी दी कि बीएसएफ ने उसे सुबह 3.30 बजे बांग्लादेश में धकेल दिया है। उसके भाई ने बताया कि इसके बाद उसने एक गांव में शरण ली, जहां से उसने फोन किया।

# महिला से धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली का मशहूर यूट्यूबर गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने उत्तरी मुंबई में रहने वाली 45 वर्षीय महिला से धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली के एक मशहूर यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम पीयूष कटियाल है और सोशल मीडिया पर उसके पांच लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। आरोपी ने महिला से मेडिकल कारणों से पैसे लिए थे। इसके बाद वह उसे धमकाने लगा। इस मामले में आरोपी को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पीयूष दिल्ली में यूट्यूब पर सोशल मीडिया पर फ्रेंक वीडियो बनाता है। इसी के चलते सोशल मीडिया पर उसके पांच लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। 45 वर्षीय एक महिला ने पीयूष के वीडियो देखने के बाद 4-5 महीने पहले उसके अकाउंट को फॉलो किया था। वीडियो पर कमेंट देखने के बाद पीयूष ने उससे संपर्क किया। समय के साथ दोनों ने एक-दूसरे को अपने मोबाइल नंबर दे दिए। वे अच्छे दोस्त बन गए। कुछ दिन पहले पीयूष ने अचानक उससे कहा कि उसे मेडिकल कारणों से तुरंत पैसों की जरूरत है। महिला ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसकी मदद की, लेकिन बाद में पीयूष तरह-तरह के बहाने बनाकर महिला से पैसे मांगने लगा। शुरूआत में महिला ने पैसे दे दिए। लेकिन फिर उसने पैसे देने से मना कर दिया। आरोपी ने महिला को धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह उसके मोबाइल चैटिंग का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

# हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भरा टैंकर पलटा



**पालघर :** पालघर जिले में एक बड़ा हादसा टल गया। मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेंढवन गांव के पास एक फ्लाईओवर पर हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भरा टैंकर पलट गया। हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और टैंकर से रासायनिक पदार्थ का कोई रिसाव नहीं हुआ। मामले को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने जानकारी दी, उन्होंने बताया कि टैंकर के पलटने के बाद हाइड्रोजन पेरोक्साइड की संभावित खतरनाक प्रकृति को देखते हुए एहतियातन हाईवे पर दोनों दिशाओं की ट्रैफिक को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। हादसे के दौरान टैंकर का चालक फ्लाईओवर पर नियंत्रण खो बैठा, हालांकि वह बाल-बाल बच गया और उसे कोई चोट नहीं आई. प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर बोईसर टक्कड़ और अडानी पावर से दो दमकल गाड़ियों को रवाना किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com